प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 08.06.2026**

कानपुर देहात पुलिस द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन से प्राप्त सूचना पर की गयी त्वरित कार्रवाई: थाना क्षेत्र मूसानगर के मुक्ता देवी मंदिर में होने जा रही नाबालिग की शादी रुकवाई गयी-

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, आज दिनांक 08.06.2026 को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से प्राप्त सूचना पर थाना मूसानगर पुलिस व एएचटीयू (Anti-Human Trafficking Unit) की संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग लड़की की कराई जा रही शादी को मौके पर जाकर रुकवाया गया

विवरण: आज चाइल्ड हेल्पलाइन से पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मूसानगर क्षेत्र के अंतर्गत स्थित प्रसिद्ध मुक्ता देवी मंदिर में एक नाबालिग लड़की की शादी कराई जा रही है। सूचना मिलते ही थाना मूसानगर प्रभारी निरीक्षक रीना गौतम के नेतृत्व में उप-निरीक्षक चरण सिंह, पुलिस बल, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर दीपक कुमार, वन स्टॉप सेंटर प्रबंधक निधि सचान और एएचटीयू थाना प्रभारी श्रीमती अमिता वर्मा की संयुक्त टीम तत्काल मौके (मुक्ता देवी मंदिर) पर पहुंची। वहां भज्जापुर (थाना भोगनीपुर) निवासी यशवंत सिंह की 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री का विवाह परमूवन पुरवा (थाना भोगनीपुर) निवासी शिव रामबाबू के 25 वर्षीय पुत्र प्रदुम यादव के साथ कराया जा रहा था। पुलिस और प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर विवाह को तत्काल रुकवाया।

पुलिस द्वारा की गई वैधानिक कार्रवाई: शादी रुकवाने के पश्चात नाबालिग लड़की को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। आवश्यक विधिक व परामर्श कार्यवाही हेतु पीड़िता को चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर दीपक कुमार, वन स्टॉप सेंटर प्रबंधक निधि सचान और एएचटीयू थाना प्रभारी श्रीमती अमिता वर्मा के सुपुर्द किया गया है। चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर दीपक कुमार की रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे की अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।